>

Title: Demand to make Balaghat to Shioni road into four lane road in Madhya Pradesh.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): मेरा लोक सभा क्षेत्र बालाघाट मध्यप्रदेश है, जो महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगता है । इसमें दो महत्वपूर्ण नेशनल हाईवे 6 और 7 आते हैं । मेरा रेजिडेंस सिवनी जिला लोक सभा क्षेत्र बालाघाट से लेकर आगे के तिकोने भाग में स्टेट हाईवे है । यहां से अधिकांश लोग नागपुर से जबलपुर, जबलपुर से रायपुर जाते हैं । मेरी मांग है कि सिवनी से बालाघाट होकर गोंदिया, कोसमारा तक की रोड को फोर लेन बनाया जाए ताकि आवागमन ठीक से हो सके । इससे 150 किलोमीटर की दूरी कम होगी और जबलपुर से नागपुर और नागपुर से रायपुर जाने के लिए सीधा मार्ग बनेगा । इससे प्रदूषण भी कम होगा । यह मार्ग अत्यंत जर्जर है । मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि सिवनी से बालाघाट तक जाने वाला मार्ग फोर लेन बनाया जाए ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सैयद इम्तियाज़ जलील – उपस्थित नहीं ।

डॉ. संघमित्रा मौर्या ।